**भारत सरकार**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**
**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. **1143** जिसका उत्तर
शुक्रवार, **22 जुलाई**, 2022/31 आषाढ़, 1944 (शक) को दिया जाना है

## जलमार्गों का विकास

**1143. श्री कनकमल कटारा :**
**श्री रवि किशन :**
**श्री रविन्दर कुशवाहा :**
**श्री राम कृपाल यादव :**
**श्री सुब्रत पाठक :**
**श्री हेमन्त पाटिल :**
**श्री मनोज तिवारी :**
**श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में जलमार्गों के विकास के लिए कोई नीति तैयार की है/ तैयार करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस उद्देश्य के लिए चिन्हित स्थानों/ दूरियों/ मार्गों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को जलमार्गों के विकास के संबंध में राज्य सरकारों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) जलमार्ग विकास परियोजना के तहत विकसित पत्तन टर्मिनलों की संख्या कितनी है;

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान उन जलमार्गों का संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है, जहां यात्री नौका और माल ढुलाई सेवाएं शुरू की गई हैं; और

(ङ) उन जलमार्गों के नाम क्या हैं जहां पर यात्री नौका और माल ढुलाई सेवाएं शुरू करने का विचार है?

**उत्तर**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क):** देश में अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 के अंतर्गत 24 राज्यों में फैले हुए 111 अंतर्देशीय जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.) घोषित किया गया है। इन राष्ट्रीय जलमार्गों की सूची **अनुबंध-1** में प्रदान की गई है। इन राष्ट्रीय जलमार्गों की तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता और विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) के परिणाम के आधार पर कार्गो/यात्री आवागमन के लिए व्यवहार्य पाए गए 26 रा.ज. के लिए आईडब्ल्यूएआई द्वारा कार्य योजना तैयार की गई है (विवरण **अनुबंध-2** में)। इन 26 व्यवहार्य रा.ज. में से पहले 13 रा.ज. में विकास गतिविधियां शुरू कर दी गई हैं।

**(ख):** अगस्त, 2018 में केरल सरकार से एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था, जिसमें केरल में अंतर्देशीय जलमार्गों के विकास, विशेष रूप से कोल्लम से दक्षिण की ओर कोवालम तक और उत्तर में कोझीकोड से बेकल तक रा.ज.-3 का विस्तार करने हेतु, केरल वाटरवेज इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (केडब्ल्यूआईएल) में आईडब्ल्यूएआई द्वारा इक्विटी सहभागिता करने का अनुरोध किया गया था। जांच के बाद, केरल सरकार को सूचित किया गया था कि पूर्ववर्ती पोत परिवहन मंत्रालय तकनीकी और आर्थिक रूप से व्यवहार्य राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और वर्तमान में विकास के लिए किसी नए अंतर्देशीय जलमार्ग अथवा किसी मौजूदा रा.ज. के आगे विस्तार पर विचार नहीं किया जा रहा है।

महाराष्ट्र सरकार की ओर से महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (एमएमबी) द्वारा रा.ज.-10 पर धर्मतार पत्तन में जलयान यातायात प्रणाली (वीटीएस) की स्थापना करने के लिए जून, 2018 में आईडब्ल्यूआई को प्रस्ताव भेजा गया था। आईडब्ल्यूएआई ने एमएमबी को सलाह दी कि वीटीएस का निष्पादन बीओओटी (निर्माण, स्वामित्व, संचालन और हस्तांतरण) आधार पर किया जा सकता है। राष्ट्रीय जलमार्ग-53 में 04 स्थानों पर यात्री जेट्टियों और बुनियादी ढांचा सुविधाओं के निर्माण के लिए एमएमबी से एक अन्य प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। इसे **अनुबंध-3** में दिए गए विवरण के अनुसार सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु अनुमोदित किया गया है।

कर्नाटक में जलमार्गों पर यात्री जेट्टियों और बुनियादी ढांचा सुविधाओं के निर्माण के लिए सागरमाला योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता के लिए कर्नाटक राज्य सरकार के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया है, जिसका विवरण **अनुबंध-4** में दिया गया है।

इसके अलावा, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की केंद्रीय सेक्टर की एक योजना है, जिसके अंतर्गत पूर्वोत्तर क्षेत्र में जलमार्गों के विकास के लिए 100% वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। केंद्रीय सेक्टर की योजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर राज्यों से प्राप्त जलमार्ग विकास परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-5** में दिया गया है।

राजस्थान एवं गुजरात राज्य सरकारों से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

**(ग):** जलमार्ग विकास परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय जलमार्गों में 21 स्थायी नदी टर्मिनल विकसित किए गए हैं, अर्थात् रा.ज.-1 में 5, रा.ज.-2 में 2, रा.ज.-3 में 12 और रा.ज.-16 में 2 ।

**(घ):** पिछले तीन वर्षों के दौरान संघ शासित क्षेत्रों में आईडब्ल्यूएआई द्वारा कोई भी माल ढुलाई सेवा शुरू नहीं की गई है।

**(ङ):** यात्री फैरी सेवाओं के लिए आईडब्ल्यूएआई अधिदेशित नहीं है। माल ढुलाई सेवाओं का ब्यौरा **अनुबंध-6** में दिया गया है।

**अनुबंध-1**

## 111 राष्ट्रीय जलमार्गों की सूची

(भारत सरकार ने दिनांक 12.04.2016 से प्रभावी राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 के माध्यम से 111 जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया है)

| क्र. सं. | राष्ट्रीय जलमार्ग सं० | लम्बाई (किमी) | राष्ट्रीय जलमार्गों के नाम | राज्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय जलमार्ग 1 | 1620 | गंगा -भागीरथी -हुगली नदी प्रणाली (हल्दिया - इलाहाबाद) | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल |
| 2 | राष्ट्रीय जलमार्ग 2 | 891 | ब्रह्मपुत्र नदी (ढुबरी-सादिया) | असम |
| 3 | राष्ट्रीय जलमार्ग 3 | 205 | वेस्ट कोस्ट नहर (कोट्टापुरम-कोल्लम) चंपाकरा एवं उद्योगमंडल नहर | केरल |
| | | 170 | वेस्ट कोस्ट नहर (कोट्टापुरम- कोजीकोड) | |
| 4 | राष्ट्रीय जलमार्ग 4 | 50 | काकीनाडा नहर (काकीनाडा से राजामुन्द्री) | आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुदुच्चेरी और महाराष्ट्र |
| | | 171 | गोदावरी नदी (भद्राचलम से राजामुन्द्री) | |
| | | 139 | इलुरू नहर (राजामुन्द्री से विजयवाड़ा) | |
| | | 157 | कृष्णा नदी (वजीराबाद से विजयवाड़ा) | |
| | | 113 | कोम्मामुर नहर (विजयवाड़ा से पेड्डागंजम) | |
| | | 316 | उत्तरी बकिंगघम नहर (पेड्डागजंम से चेन्नै का सेन्ट्रल स्टेशन) | |
| | | 110 | दक्षिण बकिंघम नहर (चैन्नई के सेन्ट्रल स्टेशन से मराकणम तक) | |
| | | 22 | कलूवेल्ली टैंक के माध्यम से माराकणम से पुदुच्चेरी | |
| | | 1202 | गोदावरी नदी (भद्राचलम- नासिक) | |
| | | 636 | कृष्णा नदी (वजीराबाद से गलागली) | |
| 5 | राष्ट्रीय जलमार्ग 5 | 256 | ईस्ट कोस्ट नहर और मताई नदी | ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल |
| | | 265 | ब्राह्मणी - खार्सुआ - धामरा नदी | |
| | | 67 | महानदी डेल्टा नदियां (जिनमें हंसुआ नदी, नुनानाला, गोब्रीनाला, खर्नासी नदी और महानदी नदी शामिल हैं) | |
| 6 | राष्ट्रीय जलमार्ग 6 | 68 | आई नदी | असम |
| 7 | राष्ट्रीय जलमार्ग 7 | 90 | अजोय (अजय) नदी | पश्चिम बंगाल |
| 8 | राष्ट्रीय जलमार्ग 8 | 29 | अलाप्पुझा -चंगनसरी नहर | केरल |
| 9 | राष्ट्रीय जलमार्ग 9 | 40 | अलाप्पुझा -कोट्टायम -अथिरमपुजा नहर | केरल<br>वैकल्पिक मार्ग : 11.5 किमी |

| क्र. सं. | राष्ट्रीय जलमार्ग सं० | लम्बाई (किमी) | राष्ट्रीय जलमार्गों के नाम | राज्य |
|---|---|---|---|---|
| 10 | राष्ट्रीय जलमार्ग 10 | 45 | अंबा नदी | महाराष्ट्र |
| 11 | राष्ट्रीय जलमार्ग 11 | 99 | अरुणावती- अरन नदी प्रणाली | महाराष्ट्र |
| 12 | राष्ट्रीय जलमार्ग 12 | 5.5 | असी नदी | उत्तर प्रदेश |
| 13 | राष्ट्रीय जलमार्ग 13 | 11 | एवीएम नहर | केरल और तमिलनाडु |
| 14 | राष्ट्रीय जलमार्ग 14 | 48 | बैतरणी नदी | ओडिशा |
| 15 | राष्ट्रीय जलमार्ग 15 | 135 | बकरेश्वर-मयूराक्षी नदी प्रणाली | पश्चिम बंगाल |
| 16 | राष्ट्रीय जलमार्ग 16 | 121 | बराक नदी | असम |
| 17 | राष्ट्रीय जलमार्ग 17 | 189 | ब्यास नदी | हिमाचल प्रदेश और पंजाब |
| 18 | राष्ट्रीय जलमार्ग 18 | 69 | बेकी नदी | असम |
| 19 | राष्ट्रीय जलमार्ग 19 | 67 | बेतवा नदी | उत्तर प्रदेश |
| 20 | राष्ट्रीय जलमार्ग 20 | 95 | भवानी नदी | तमिलनाडु |
| 21 | राष्ट्रीय जलमार्ग 21 | 139 | भीमा नदी | कर्नाटक और तेलंगाना |
| 22 | राष्ट्रीय जलमार्ग 22 | 156 | बिरूपा -बडी गेंगुटी - ब्राह्मणी नदी प्रणाली | ओडिशा |
| 23 | राष्ट्रीय जलमार्ग 23 | 56 | बुढा बलांगा | ओडिशा |
| 24 | राष्ट्रीय जलमार्ग 24 | 61 | चंबल नदी | उत्तर प्रदेश |
| 25 | राष्ट्रीय जलमार्ग 25 | 33 | चापोरा नदी | गोवा |
| 26 | राष्ट्रीय जलमार्ग 26 | 51 | चेनाब नदी | जम्मू और कश्मीर |
| 27 | राष्ट्रीय जलमार्ग 27 | 17 | कंबरजुआ नदी | गोवा |
| 28 | राष्ट्रीय जलमार्ग 28 | 45 | दाभोल क्रीक- वशिष्ठी नदी प्रणाली | महाराष्ट्र |
| 29 | राष्ट्रीय जलमार्ग 29 | 132 | दामोदर नदी | पश्चिम बंगाल |
| 30 | राष्ट्रीय जलमार्ग 30 | 109 | देहांग नदी | असम |
| 31 | राष्ट्रीय जलमार्ग 31 | 114 | धनसीरी /चाथे | असम |
| 32 | राष्ट्रीय जलमार्ग 32 | 63 | दिखू नदी | असम |
| 33 | राष्ट्रीय जलमार्ग 33 | 61 | डॉयांस नदी | असम |
| 34 | राष्ट्रीय जलमार्ग 34 | 137 | डीवीसी नहर | पश्चिम बंगाल |
| 35 | राष्ट्रीय जलमार्ग 35 | 108 | द्वारकेश्वर नदी | पश्चिम बंगाल |
| 36 | राष्ट्रीय जलमार्ग 36 | 119 | द्वारका नदी | पश्चिम बंगाल |
| 37 | राष्ट्रीय जलमार्ग 37 | 296 | गंडक नदी | बिहार और उत्तर प्रदेश |
| 38 | राष्ट्रीय जलमार्ग 38 | 62 | गंगाधर नदी | असम और पश्चिम बंगाल |
| 39 | राष्ट्रीय जलमार्ग 39 | 49 | गनोल नदी | मेघालय |
| 40 | राष्ट्रीय जलमार्ग 40 | 354 | घाघरा नदी | बिहार और उत्तर प्रदेश |
| 41 | राष्ट्रीय जलमार्ग 41 | 112 | घाटप्रभा नदी | कर्नाटक |
| 42 | राष्ट्रीय जलमार्ग 42 | 514 | गोमती नदी | यूपी |
| 43 | राष्ट्रीय जलमार्ग 43 | 10 | गुरुपुर नदी | कर्नाटक |
| 44 | राष्ट्रीय जलमार्ग 44 | 63 | इच्छामती नदी | पश्चिम बंगाल |
| 45 | राष्ट्रीय जलमार्ग 45 | 650 | इंदिरा गांधी नहर | हरियाणा, पंजाब और राजस्थान |

| क्र. सं. | राष्ट्रीय जलमार्ग सं० | लम्बाई (किमी) | राष्ट्रीय जलमार्गो के नाम | राज्य |
|---|---|---|---|---|
| 46 | राष्ट्रीय जलमार्ग 46 | 35 | सिंधु नदी | जम्मू और कश्मीर |
| 47 | राष्ट्रीय जलमार्ग 47 | 131 | जलंगी नदी | पश्चिम बंगाल |
| 48 | राष्ट्रीय जलमार्ग 48 | 590 | जवाई-लूनी नदी और कच्छ का रण नदी प्रणाली | गुजरात और राजस्थान |
| 49 | राष्ट्रीय जलमार्ग 49 | 110 | झेलम नदी | जम्मू और कश्मीर |
| 50 | राष्ट्रीय जलमार्ग 50 | 43 | जिंजिराम नदी | असम और मेघालय |
| 51 | राष्ट्रीय जलमार्ग 51 | 23 | काबीनी नदी | कर्नाटक |
| 52 | राष्ट्रीय जलमार्ग 52 | 53 | काली नदी | कर्नाटक |
| 53 | राष्ट्रीय जलमार्ग 53 | 145 | कल्याण -ठाणे -मुंबई जलमार्ग, वसई क्रीक और उल्हास नदी प्रणाली | महाराष्ट्र |
| 54 | राष्ट्रीय जलमार्ग 54 | 86 | कर्मनाशा नदी | बिहार और उत्तर प्रदेश |
| 55 | राष्ट्रीय जलमार्ग 55 | 311 | कावेरी -कोलिदाम नदी प्रणाली | तमिलनाडु |
| 56 | राष्ट्रीय जलमार्ग 56 | 22 | खेरकाई नदी | झारखंड |
| 57 | राष्ट्रीय जलमार्ग 57 | 50 | कोपिली नदी | असम |
| 58 | राष्ट्रीय जलमार्ग 58 | 236 | कोसी नदी | बिहार |
| 59 | राष्ट्रीय जलमार्ग 59 | 19 | कोट्टायम -वाइकॉम नहर | केरल |
| 60 | राष्ट्रीय जलमार्ग 60 | 80 | कुमारी नदी | पश्चिम बंगाल |
| 61 | राष्ट्रीय जलमार्ग 61 | 28 | किंशी नदी | मेघालय |
| 62 | राष्ट्रीय जलमार्ग 62 | 86 | लोहित नदी | असम और अरूणाचल प्रदेश |
| 63 | राष्ट्रीय जलमार्ग 63 | 336 | लूनी नदी | राजस्थान |
| 64 | राष्ट्रीय जलमार्ग 64 | 426 | महानदी नदी | ओडिशा |
| 65 | राष्ट्रीय जलमार्ग 65 | 80 | महानंदा नदी | पश्चिम बंगाल |
| 66 | राष्ट्रीय जलमार्ग 66 | 247 | माही नदी | गुजरात |
| 67 | राष्ट्रीय जलमार्ग 67 | 94 | मालाप्रभा नदी | कर्नाटक |
| 68 | राष्ट्रीय जलमार्ग 68 | 41 | माण्डोवी नदी | गोवा |
| 69 | राष्ट्रीय जलमार्ग 69 | 5 | मणिमुथारू नदी | तमिलनाडु |
| 70 | राष्ट्रीय जलमार्ग 70 | 245 | मंजारा नदी | महाराष्ट्र और तेलंगाना |
| 71 | राष्ट्रीय जलमार्ग 71 | 27 | मापुसा /मोइडे नदी | गोवा |
| 72 | राष्ट्रीय जलमार्ग 72 | 59 | नाग नदी | महाराष्ट्र |
| 73 | राष्ट्रीय जलमार्ग 73 | 226 | नर्मदा नदी | महाराष्ट्र और गुजरात |
| 74 | राष्ट्रीय जलमार्ग 74 | 79 | नेत्रावती नदी | कर्नाटक |
| 75 | राष्ट्रीय जलमार्ग 75 | 142 | पलार नदी | तमिलनाडु |
| 76 | राष्ट्रीय जलमार्ग 76 | 23 | पंचगंगावली (पंचगंगोली) नदी | कर्नाटक |
| 77 | राष्ट्रीय जलमार्ग 77 | 20 | पझिहार नदी | तमिलनाडु |
| 78 | राष्ट्रीय जलमार्ग 78 | 262 | पेनगनागा -वर्धा नदी प्रणाली | महाराष्ट्र और तेलंगाना |
| 79 | राष्ट्रीय जलमार्ग 79 | 28 | पेन्नार नदी | आंध्र प्रदेश |
| 80 | राष्ट्रीय जलमार्ग 80 | 126 | पोन्नियार नदी | तमिलनाडु |

| क्र. सं. | राष्ट्रीय जलमार्ग सं० | लम्बाई (किमी) | राष्ट्रीय जलमार्गो के नाम | राज्य |
|---|---|---|---|---|
| 81 | राष्ट्रीय जलमार्ग 81 | 35 | पुनपुन नदी | बिहार |
| 82 | राष्ट्रीय जलमार्ग 82 | 58 | पुथिमारी नदी | असम |
| 83 | राष्ट्रीय जलमार्ग 83 | 31 | राजपुरी क्रीक | महाराष्ट्र |
| 84 | राष्ट्रीय जलमार्ग 84 | 44 | रावी नदी | जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पंजाब |
| 85 | राष्ट्रीय जलमार्ग 85 | 31 | रेवडांडा क्रीक -कुंडलिका नदी प्रणाली | महाराष्ट्र |
| 86 | राष्ट्रीय जलमार्ग 86 | 72 | रूपनारायण नदी | पश्चिम बंगाल |
| 87 | राष्ट्रीय जलमार्ग 87 | 210 | साबरमती नदी | गुजरात |
| 88 | राष्ट्रीय जलमार्ग 88 | 14 | साल नदी | गोवा |
| 89 | राष्ट्रीय जलमार्ग 89 | 45 | सावित्री नदी (बानकोट क्रीक) | महाराष्ट्र |
| 90 | राष्ट्रीय जलमार्ग 90 | 29 | शरावती नदी | कर्नाटक |
| 91 | राष्ट्रीय जलमार्ग 91 | 52 | शास्त्री नदी -जयगढ़ क्रीक प्रणाली | महाराष्ट्र |
| 92 | राष्ट्रीय जलमार्ग 92 | 26 | सिलबाटी नदी | पश्चिम बंगाल |
| 93 | राष्ट्रीय जलमार्ग 93 | 63 | सिमसांग नदी | मेघालय |
| 94 | राष्ट्रीय जलमार्ग 94 | 141 | सोन नदी | बिहार |
| 95 | राष्ट्रीय जलमार्ग 95 | 106 | सुबनसिरी नदी | असम |
| 96 | राष्ट्रीय जलमार्ग 96 | 311 | सुबर्ण रेखा नदी | झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा |
| 97 | राष्ट्रीय जलमार्ग 97 | 172 | सुंदरबन जलमार्ग | पश्चिम बंगाल |
| | | 56 | बिद्या नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 15 | छोटा कालागाची (छोटो कालागाची) नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 7 | गोमर नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 16 | हरिभंगा नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 37 | होगला (होगल) - पाथनखली नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 9 | कालिंदी (कालंदी) नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 22 | कटाखाली नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 99 | मटला नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 28 | मुरी गंगा (बरताला) नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 53 | रायमंगल नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 14 | साहिबखली (साहेबखली) नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 37 | सप्तमुखी नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 64 | ठाकुरान नदी | पश्चिम बंगाल |
| 98 | राष्ट्रीय जलमार्ग 98 | 377 | सतलज नदी | हिमाचल प्रदेश और पंजाब |
| 99 | राष्ट्रीय जलमार्ग 99 | 62 | ताम्रपर्णी नदी | तमिलनाडु |
| 100 | राष्ट्रीय जलमार्ग 100 | 436 | तापी नदी | महाराष्ट्र और गुजरात |

| क्र. सं. | राष्ट्रीय जलमार्ग सं॰ | लम्बाई (किमी) | राष्ट्रीय जलमार्गों के नाम | राज्य |
|---|---|---|---|---|
| 101 | राष्ट्रीय जलमार्ग 101 | 42 | टीज़ू-ज़ुंगकी नदियां | नागालैंड |
| 102 | राष्ट्रीय जलमार्ग 102 | 87 | तवांग (ढलेश्वरी नदी) | असम और मिजोरम |
| 103 | राष्ट्रीय जलमार्ग 103 | 73 | टोंस नदी | उत्तर प्रदेश |
| 104 | राष्ट्रीय जलमार्ग 104 | 232 | तुंगभद्रा नदी | कनार्टक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश |
| 105 | राष्ट्रीय जलमार्ग 105 | 15 | उदयवारा नदी | कर्नाटक |
| 106 | राष्ट्रीय जलमार्ग 106 | 20 | उम्नगोट (दावकी) नदी | मेघालय |
| 107 | राष्ट्रीय जलमार्ग 107 | 46 | वैगई नदी | तमिलनाडु |
| 108 | राष्ट्रीय जलमार्ग 108 | 53 | वरुणा नदी | उत्तर प्रदेश |
| 109 | राष्ट्रीय जलमार्ग 109 | 166 | वैनगंगा - प्राणहिता नदी प्रणाली | महाराष्ट्र और तेलंगाना |
| 110 | राष्ट्रीय जलमार्ग 110 | 1080 | यमुना नदी | दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश |
| 111 | राष्ट्रीय जलमार्ग 111 | 50 | ज़ुआरी नदी | गोवा |
| | **कुल लंबाई** | **20162.5** | | |

<u>अनुबंध-2</u>

## कार्गो/यात्री आवागमन के लिए व्यवहार्य पाए गए 26 राष्ट्रीय जलमार्गों की सूची

| क्र.सं. | राष्ट्रीय जलमार्ग | जलमार्गों का ब्यौरा | राज्य | स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय जलमार्ग 1 | गंगा -भागीरथी -हुगली नदी प्रणाली (हल्दिया - इलाहाबाद) | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल | विश्व बैंक की **जलमार्ग विकास परियोजना** की सहायता से विकास कार्य किए गए |
| 2. | राष्ट्रीय जलमार्ग 2 | ब्रहमपुत्र नदी (ढुबरी-सादिया) | असम | वित्त वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक के लिए स्वीकृत किए एसएफसी के अनुसार विकास कार्य किए गए |
| 3. | राष्ट्रीय जलमार्ग 16 | बराक नदी | असम | |
| 4. | राष्ट्रीय जलमार्ग 3 | वेस्ट कोस्ट नहर (कोट्टापुरम-कोल्लम), चंपाकरा एवं उद्योगमंडल नहर | केरल | अधिकांशत: प्रचालनरत जलमार्ग तथा विकास एवं रखरखाव संबंधी कार्य किए गए। |
| 5. | राष्ट्रीय जलमार्ग 4 | कृष्णा नदी (विजयवाड़ा-मुक्तयाला) | आंध्र प्रदेश | |
| 6. | राष्ट्रीय जलमार्ग 5 | मंगलागढ़ी से पानकोपल से होते हुए धमरा-पराडियो | ओडिशा | |
| 7. | राष्ट्रीय जलमार्ग 8 | अलाप्पुझा -चंगनसरी नहर | केरल | |
| 8. | राष्ट्रीय जलमार्ग 9 | अलाप्पुझा -कोट्टायम - अथिरमप्पुझा नहर | केरल वैकल्पिक मार्ग: 11.5 कि.मी. | |
| 9. | राष्ट्रीय जलमार्ग 27 | कंबरजुआ नदी | गोवा | |
| 10. | राष्ट्रीय जलमार्ग 68 | माण्डवी नदी | गोवा | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11. | राष्ट्रीय जलमार्ग 86 | रूपनारायण नदी | पश्चिम बंगाल | |
| 12. | राष्ट्रीय जलमार्ग 97 | सुंदरबन जलमार्ग | पश्चिम बंगाल | |
| 13. | राष्ट्रीय जलमार्ग 111 | ज़ुआरी नदी | गोवा | |
| 14. | राष्ट्रीय जलमार्ग 10 | अंबा नदी | महाराष्ट्र | विकास योजना मूल्यांकन के स्तर पर है। |
| 15. | राष्ट्रीय जलमार्ग 40 | घाघरा नदी | बिहार | |
| 16. | राष्ट्रीय जलमार्ग 44 | इच्छामती नदी | पश्चिम बंगाल | |
| 17. | राष्ट्रीय जलमार्ग 52 | काली नदी | कर्नाटक | |
| 18. | राष्ट्रीय जलमार्ग 57 | कोपिली नदी | असम | |
| 19. | राष्ट्रीय जलमार्ग 25 | चपौरा नदी | गोवा | |
| 20. | राष्ट्रीय जलमार्ग 37 | गंडक नदी | बिहार | |
| 21. | राष्ट्रीय जलमार्ग 28 | दाभोल क्रीक वशिष्टी नदी | महाराष्ट्र | |
| 22. | राष्ट्रीय जलमार्ग 73 | नर्मदा नदी | महाराष्ट्र और गुजरात | |
| 23. | राष्ट्रीय जलमार्ग 85 | रेवदंडा क्रीक -कुंडलिका नदी प्रणाली | महाराष्ट्र | |
| 24. | राष्ट्रीय जलमार्ग 94 | सोन नदी | बिहार | |
| 25. | राष्ट्रीय जलमार्ग 100 | तापी नदी | महाराष्ट्र और गुजरात | |
| 26. | राष्ट्रीय जलमार्ग 31 | धनसीरी नदी | असम | |

**अनुबंध-3**

| क्र.सं. | कार्य का नाम | परियोजना लागत ( रु. में ) | एमएमबी को संसूचित सैद्धांतिक अनुमोदन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | डोंबीवली, जिला ठाणे में जेट्टी का निर्माण | 21,30,13,083/- रु. | 22.09.2021 |
| 2. | कोलशेट, जिला ठाणे में जेट्टी का निर्माण | 30,36,18,268/- रु. | 27.09.2021 |
| 3. | मीरा-भायंदर, जिला ठाणे में जेट्टी का निर्माण | 24,46,21,227/- रु. | 27.09.2021 |
| 4. | कालहेर, जिला ठाणे में जेट्टी का निर्माण | 23,55,42,490/- रु. | 27.09.2021 |
| | कुल | 99,67,95,068/- रु. | |

**अनुबंध-4**

**कर्नाटक में जलमार्गों पर यात्री जेट्टियों और अवसंरचना सुविधाओं के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता :**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | परियोजना लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|
| 1 | उत्तर कन्नड जिले के कुमता तालुका में तडाडी-अघानाशिनी जलमार्ग का एकीकृत विकास | 20 |
| 2 | कर्नाटक में अल्मट्टी से बागलकोट तक जलमार्गों का विकास | 12.20 |
| 3 | कर्नाटक के मंगलूर तालुका में गुरुपुर (रा.ज.-43) में जलमार्गों का विकास | 29.62 |

**अनुबंध-5**

**पूर्वोत्तर राज्यों में जलमार्गों के विकास के लिए केंद्रीय सेक्टर योजना (सीएसएस) के तहत प्राप्त प्रस्ताव**

| क्र. सं. | राज्य | परियोजना का नाम | परियोजना लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | असम | रा.ज. 2 (असम) में 15 घाटों पर 15 (17.0 मी. लंबे) फ्लोटिंग टर्मिनलों का निर्माण | 6.07 |
| | | रा.ज. 16 (असम) में 15 घाटों पर 15 (17.0 मी. लंबे) फ्लोटिंग टर्मिनलों का निर्माण | 6.37 |
| | | रा.ज. 2 (असम) में 25 घाटों पर 25 (17.0 मी. लंबे) फ्लोटिंग टर्मिनलों का निर्माण | 10.97 |
| | | रा.ज. 2 (असम) में 16 घाटों पर 16 (25.0 मी. लंबे) फ्लोटिंग टर्मिनलों का निर्माण | 13.70 |
| 2 | मणिपुर | लोकतक झील (मणिपुर) में लोकतक अंतर्देशीय जल परिवहन परियोजना-II | 7.88 |
| | | सीएसएस के तहत बचत का उपयोग करके बराक नदी (मणिपुर का क्षेत्र) के सर्वेक्षण" हेतु परियोजना प्रस्ताव | 0.40 |
| | | लोकतक झील (मणिपुर) के लिए लोकतक अंतर्देशीय जलमार्ग सुधार परियोजना | 25.58 |
| | | बराक नदी पर जिरिबाम जिले से तामेंगलांग जिले तक अंतर्देशीय जलमार्गों का निर्माण | 99.05 |
| 3 | मिज़ोरम | तुईचवांग/ कर्णफुली नदी (मिजोरम) के लिए डीपीआर तैयार करना | 0.57 |
| | | मिजोरम में लुंगलेई जिले के अंतर्गत खावथलांगतुईपुई-तुईचवांग नदी में आईडब्ल्यूटी का विकास | 22.93 |
| 4 | त्रिपुरा | गुमटी नदी (त्रिपुरा) का विकास करके बांग्लादेश में मेघना नदी प्रणाली के साथ संयोजन | 24.52 |
| 5 | अरुणाचल प्रदेश | अरुणाचल प्रदेश राज्य में 7 नदियों का सर्वेक्षण/ अध्ययन करवाना | 6.20 |
| | | दामबुक सर्कल, निचला दिबांग घाटी जिला, अरुणाचल प्रदेश में दिबांग नदी पर बोमजीर में अंतर्देशीय फ्लोटिंग पत्तन का निर्माण | 2000.00 |

**अनुबंध-6**

| प्रचालन/ विकास के लिए प्रस्तावित जलमार्ग | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | रा.ज.-27 | कंबरजुआ नदी | गोवा |
| 2 | रा.ज.-40 | घाघरा नदी | बिहार |
| 3 | रा.ज.-52 | काली नदी | कर्नाटक |
| 4 | रा.ज.-57 | कोपिली नदी | असम |
| 5 | रा.ज.-25 | चपौरा नदी | गोवा |
| 6 | रा.ज.-37 | गंडक नदी | बिहार |
| 7 | रा.ज.-28 | दाभोल क्रीक- वशिष्ठी नदी | महाराष्ट्र |
| 8 | रा.ज.-31 | धनसीरी नदी | असम |
| 9 | रा.ज.-8 | अलाप्पुझा -चंगनसरी नहर | केरल |
| 10 | रा.ज.-9 | अलाप्पुझा -कोट्टायम -अथिरमपुजा नहर | केरल |
| 11 | रा.ज.-23 | बुढा बलांगा | ओडिशा |

*****